भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

12.08.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 3932 का उत्तर

तिरुवन्नामलाई के लिए ट्रेन सेवाओं की कमी

3932. श्री सी. एन. अन्नादुरई:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि तिरुवन्नामलाई (भारत का एक प्रमुख तीर्थ और आध्यात्मिक स्थल और तमिलनाडु का दूसरा सबसे बड़ा जिला) में आमान परिवर्तन के 15 वर्षों के बाद भी चेन्नै, कोयम्बटूर, बेंगलुरु और पुडुचेरी के लिए आवश्यक दैनिक रेल सेवाओं से वंचित है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) ताम्बरम, तिण्डिवनम और विल्लुपुरम के रास्ते चेन्नै-तिरुवन्नामलाई रेल सेवा को बहाल करने के लिए किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है जो इस क्षेत्र के लोगों और तिरुवन्नामलाई आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए तत्काल आवश्यक है;

(ग) क्या सरकार का पहली बार इन शहरों के साथ आवश्यक दैनिक संपर्क स्थापित करने के लिए 66064 पुडुचेरी-विल्लुपुरम मेमू जैसी वर्तमान रेल सेवाओं का तिरुवन्नामलाई तक विस्तार करने और तिरुवन्नामलाई से बेंगलुरु तक एक नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन शुरू करने का विचार है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन प्रस्तावों की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ङ) लंबे समय से लंबित इन संपर्कता कमियों को दूर करने के लिए अपेक्षित समय-सीमा का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): भारतीय रेल ने 17069/17070 हैदराबाद-कन्याकुमारी एक्सप्रेस (दिनांक 01.04.2026 से) तथा 17615/17616 काचीगुडा-तूतीकोरिन एक्सप्रेस (दिनांक 06.04.2026 से) शुरू की हैं, दोनों गाड़ियों का तिरुवण्णामलै स्टेशन पर निर्धारित ठहराव है, जिससे उक्त स्टेशन

के यात्रियों को सुविधा प्रदान की जा रही है। तदनुसार, वर्तमान में तिरुवण्णामलै स्टेशन निम्नलिखित 28 रेलगाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित है:

क्र.सं.	रेलगाड़ी संख्या एवं नाम
1	11005 दादर-पुदुच्चेरी एक्सप्रेस
2	11006 पुदुच्चेरी-दादर एक्सप्रेस
3	12867 हावड़ा-पुदुच्चेरी एक्सप्रेस
4	12868 पुदुच्चेरी-हावड़ा एक्सप्रेस
5	16779 तिरुपति-रामेश्वरम एक्सप्रेस
6	16780 रामेश्वरम-तिरुपति एक्सप्रेस
7	16853 तिरुपति-विल्लुपुरम एक्सप्रेस
8	16854 विल्लुपुरम-तिरुपति एक्सप्रेस
9	16870 विल्लुपुरम-तिरुपति एक्सप्रेस
10	17069 हैदराबाद-कन्याकुमारी एक्सप्रेस
11	17070 कन्याकुमारी-हैदराबाद एक्सप्रेस
12	17077 चर्लपल्ली-तिरुच्चिराप्पल्लि एक्सप्रेस
13	17078 तिरुच्चिराप्पल्लि-चर्लपल्ली एक्सप्रेस
14	17291 नरसापुर-तिरुवण्णामलै एक्सप्रेस
15	17292 तिरुवण्णामलै-नरसापुर एक्सप्रेस
16	17407 तिरुपति-मन्नारगुड़ी एक्सप्रेस
17	17408 मन्नारगुड़ी-तिरुपति एक्सप्रेस
18	17615 काचीगुडा-तूतीकोरिन एक्सप्रेस
19	17616 तूतीकोरिन-काचीगुडा एक्सप्रेस
20	22603 खड़गपुर-विल्लुपुरम एक्सप्रेस
21	22604 विल्लुपुरम-खड़गपुर एक्सप्रेस

22	22605 पुरुलिया-तिरुनेलवेली एक्सप्रेस
23	22606 तिरुनेलवेली-पुरुलिया एक्सप्रेस
24	66025 कटपाड़ी-विल्लुपुरम मेमू
25	66026 विल्लुपुरम-कटपाड़ी मेमू
26	66027 कटपाड़ी-विल्लुपुरम मेमू
27	66033 चेन्नै बीच-तिरुवण्णामलै मेमू
28	66034 तिरुवण्णामलै-ताम्बरम मेमू

उपर्युक्त रेलगाड़ी सेवाओं में तिरुवण्णामलै को चेन्नै से जोड़ने वाली 3 जोड़ी रेलगाड़ियां, पुदुच्चेरी को संपर्कता प्रदान करने वाली 02 जोड़ी रेलगाड़ियां तथा बेंगलुरु को संपर्कता प्रदान करने वाली 1 जोड़ी रेलगाड़ी शामिल हैं। खंड-वार रेलगाड़ियां नीचे सूचीबद्ध हैं:

तिरुवण्णामलै-चेन्नै खंड:

क्र.सं.	रेलगाड़ी संख्या एवं नाम
1	22603/22604 खड़गपुर-विल्लुपुरम एक्सप्रेस
2	22605/22606 पुरुलिया-तिरुनेलवेली एक्सप्रेस
3	66033/66034 चेन्नै बीच-तिरुवण्णामलै मेमू (दैनिक)

तिरुवण्णामलै-पुदुच्चेरी खंड:

क्र.सं.	रेलगाड़ी संख्या एवं नाम
1	12867/12868 हावड़ा-पुदुच्चेरी एक्सप्रेस
2	11005/11006 दादर-पुदुच्चेरी एक्सप्रेस

तिरुवण्णामलै-बेंगलुरु खंड:

क्र.सं.	रेलगाड़ी संख्या एवं नाम
1	11005/11006 दादर-पुदुच्चेरी एक्सप्रेस

इसके अतिरिक्त, चेन्नै, विल्लुपुरम से 53 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस रेलगाड़ियों द्वारा जुड़ा हुआ है जबकि विल्लुपुरम-तिरुवण्णामलै खंड 10 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस रेलगाड़ियों द्वारा सेवित है, जो नीचे सूचीबद्ध हैं:

चेन्नै-विल्लुपुरम खंड को सेवित करने वाली रेलगाड़ियां:

क्र.सं.	रेलगाड़ी संख्या एवं नाम
1	11017/11018 लोकमान्य तिलक (टी)-कारैक्काल एक्सप्रेस
2	12605/12606 चेन्नै एग्मोर-कारैक्कुडि एक्सप्रेस
3	12631/12632 चेन्नै एग्मोर-तिरुनेलवेली एक्सप्रेस
4	12633/12634 चेन्नै एग्मोर-कन्याकुमारी एक्सप्रेस
5	12635/12636 चेन्नै एग्मोर-मदुरै एक्सप्रेस
6	12637/12638 चेन्नै एग्मोर-मदुरै एक्सप्रेस
7	12641/12642 कन्याकुमारी-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस
8	12651/12652 मदुरै-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस
9	12653/12654 चेन्नै एग्मोर-तिरुच्चिराप्पल्लि एक्सप्रेस
10	12661/12662 चेन्नै एग्मोर-सेनगोट्टई एक्सप्रेस
11	12663/12664 हावड़ा-तिरुच्चिराप्पल्लि एक्सप्रेस
12	12665/12666 हावड़ा-कन्याकुमारी एक्सप्रेस
13	12667/12668 ताम्बरम-कन्याकुमारी एक्सप्रेस
14	12693/12694 चेन्नै एग्मोर-तूतीकोरिन एक्सप्रेस
15	16101/16102 ताम्बरम-कोल्लम एक्सप्रेस
16	16103/16104 ताम्बरम-रामेश्वरम एक्सप्रेस
17	16115/16116 चेन्नै एग्मोर-पुदुच्चेरी एक्सप्रेस
18	16121/16122 ताम्बरम-तिरुवनंतपुरम सेंट्रल अमृत भारत एक्सप्रेस
19	16127/16128 चेन्नै एग्मोर-गुरुवायुर एक्सप्रेस
20	16159/16160 चेन्नै एग्मोर-मंगलौर सेंट्रल एक्सप्रेस
21	16175/16176 चेन्नै एग्मोर-वेलनकन्नी एक्सप्रेस
22	16179/16180 चेन्नै एग्मोर-मन्नारगुड़ी एक्सप्रेस

23	16357/16358 नागरकोइल जंक्शन-चर्लपल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
24	16367/16368 कन्याकुमारी-बनारस एक्सप्रेस
25	16751/16752 चेन्नै एग्मोर-रामेश्वरम एक्सप्रेस
26	16807/16808 ताम्बरम-तिरुच्चिराप्पल्लि एक्सप्रेस
27	16865/16866 चेन्नै एग्मोर-तंजावुर एक्सप्रेस
28	17653/17654 काचीगुडा-पुदुच्चेरी एक्सप्रेस
29	17655/17656 काकीनाडा पोर्ट-पुदुच्चेरी एक्सप्रेस
30	20481/20482 जोधपुर-तिरुच्चिराप्पल्लि एक्सप्रेस
31	20497/20498 रामेश्वरम-फिरोजपुर कैंट एक्सप्रेस
32	20605/20606 चेन्नै एग्मोर-तिरुचेंदुर एक्सप्रेस
33	20609/20610 न्यू जलपाईगुड़ी-तिरुच्चिराप्पल्लि अमृत भारत एक्सप्रेस
34	20627/20628 चेन्नै एग्मोर-नागरकोइल जंक्शन वंदे भारत एक्सप्रेस
35	20635/20636 चेन्नै एग्मोर-कोल्लम एक्सप्रेस
36	20665/20666 चेन्नै एग्मोर-तिरुनेलवेली वंदे भारत एक्सप्रेस
37	20681/20682 ताम्बरम-सेनगोट्टई एक्सप्रेस
38	20683/20684 ताम्बरम-सेनगोट्टई एक्सप्रेस
39	20691/20692 ताम्बरम-नागरकोइल जंक्शन एक्सप्रेस
40	20849/20850 भुवनेश्वर-रामेश्वरम एक्सप्रेस
41	20851/20852 भुवनेश्वर-पुदुच्चेरी एक्सप्रेस
42	22153/22154 चेन्नै एग्मोर-सेलम एक्सप्रेस
43	22403/22404 पुदुच्चेरी-नई दिल्ली एक्सप्रेस
44	22535/22536 रामेश्वरम-बनारस एक्सप्रेस
45	22603/22604 खड़गपुर-विल्लुपुरम एक्सप्रेस
46	22605/22606 पुरुलिया-तिरुनेलवेली एक्सप्रेस

47	22613/22614 रामेश्वरम-अयोध्या कैंट एक्सप्रेस
48	22623/22624 ताम्बरम-मदुरै एक्सप्रेस
49	22631/22632 मदुरै-बीकानेर एक्सप्रेस
50	22657/22658 ताम्बरम-कन्याकुमारी एक्सप्रेस
51	22661/22662 चेन्नै एग्मोर-रामेश्वरम एक्सप्रेस
52	22673/22674 जोधपुर-मन्नारगुड़ी एक्सप्रेस
53	22675/22676 चेन्नै एग्मोर-तिरुच्चिराप्पल्लि एक्सप्रेस

विल्लुपुरम-तिरुवण्णामलै खंड को सेवित करने वाली रेलगाड़ियां:

क्र.सं.	रेलगाड़ी संख्या एवं नाम
1	11005/11006 दादर-पुदुच्चेरी एक्सप्रेस
2	12867/12868 हावड़ा-पुदुच्चेरी एक्सप्रेस
3	16779/16780 तिरुपति-रामेश्वरम एक्सप्रेस
4	16853/16854 तिरुपति-विल्लुपुरम एक्सप्रेस
5	17069/17070 हैदराबाद-कन्याकुमारी एक्सप्रेस
6	17077/17078 चर्लपल्ली-तिरुच्चिराप्पल्लि एक्सप्रेस
7	17407/17408 तिरुपति-मन्नारगुड़ी एक्सप्रेस
8	17615/17616 काचीगुडा-तूतीकोरिन एक्सप्रेस
9	22603/22604 खड़गपुर-विल्लुपुरम एक्सप्रेस
10	22605/22606 पुरुलिया-तिरुनेलवेली एक्सप्रेस

इसके अलावा, किसी भी मार्ग/खंड पर वंदे भारत रेलगाड़ी सेवाओं और इसके वेरिएंट सहित रेलगाड़ी सेवाएं शुरू करना/रेलगाड़ी सेवाओं को विस्तार देना एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, जो कि विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है, जिनमें शामिल हैं:

- **उस खंड की क्षमता**
- **पथ की उपलब्धता**
- **अपेक्षित चल स्टॉक की उपलब्धता**

• चल स्टॉक के लिए समान अवसंरचना की उपलब्धता

• रेलपथों और अन्य परिसंपत्तियों के अनुरक्षण की आवश्यकता

• खंड की अधिभोगिता और यातायात आवश्यकता

रेल बजट:

हाल के वर्षों में बजट आबंटन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। तमिलनाडु राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली अवसंरचना परियोजनाओं और संरक्षा कार्यों हेतु बजट आबंटन निम्नानुसार है:

अवधि	परिव्यय
2009-14	879 करोड़ रुपए/वर्ष
2026-27	7,611 करोड़ रुपए (8 गुना से अधिक)

रेलपथ निर्माण:

तमिलनाडु राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाले नए रेलपथ के निर्माण का ब्यौरा निम्नानुसार है:

अवधि	कमीशन किए गए नए रेलपथ
2009-14	923 किमी
2014-26	1,356 किमी

स्वीकृत परियोजनाएं:-

01.04.2026 की स्थिति के अनुसार, तमिलनाडु राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली 27,282 करोड़ रुपए की लागत वाली कुल 1,874 किलोमीटर लंबाई की 19 परियोजनाएं (8 नई लाइन, 03 आमान परिवर्तन और 08 दोहरीकरण) स्वीकृत की गई हैं। सार निम्नानुसार है:-

कोटि	परियोजनाओं की संख्या	कुल लंबाई (किलोमीटर में)	मार्च 2026 तक कमीशन की गई लंबाई (कि.मी. में)	मार्च 2026 तक व्यय (करोड़ रु. में)
नई लाइन	8	811	24	1,514
आमान परिवर्तन	3	748	631	3,605
दोहरीकरण/बहुपथन	8	314	54	3,693
कुल	19	1,874	709	8,811

हाल ही में पूरी की गई परियोजनाएं:-

तमिलनाडु राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली कुछ परियोजनाएं, जिन्हें हाल ही में पूरा किया गया है, का ब्यौरा निम्नानुसार है:

क्र.सं.	परियोजना	लागत (करोड़ रु. में)
1	डिंडीगुल-पोल्लाच्चि आमान परिवर्तन (121 किलोमीटर)	610
2	पोल्लाच्चि-पालघाट आमान परिवर्तन (56 किलोमीटर)	350
3	पोल्लाच्चि-पोत्तनूर आमान परिवर्तन (40 किलोमीटर)	400
4	कोल्लम-तिरुचेंदुर आमान परिवर्तन (357 किलोमीटर)	1,122
5	मयिलादुतुरई-कारैक्कुडि आमान परिवर्तन (187 किलोमीटर)	1,338
6	मदुरै-बोडियाकन्नूर आमान परिवर्तन (90 किलोमीटर)	593
7	चेंगलपट्टू विल्लुपुरम दोहरीकरण (102 किलोमीटर)	670
8	तिरुवल्लुर-अराक्कोनम चौथी लाइन (27 किलोमीटर)	83
9	तंजावुर-पोनमलाई दोहरीकरण (48 किलोमीटर)	370
10	विल्लुपुरम-डिंडीगुल दोहरीकरण (273 किलोमीटर)	2,000
11	चेन्नै बीच-अट्टीपट्टू चौथी लाइन (22 किलोमीटर)	293
12	ओमलुर-मेत्तूरडैम कहीं-कहीं दोहरीकरण (29 किलोमीटर)	327
13	चेंगलपट्टू-विल्लुपुरम और तांबरम-चेंगलपट्टू - तीसरी लाइन (133 किलोमीटर)	1,122
14	सेलम-ओमालुर दोहरीकरण (11 किलोमीटर)	115
15	मदुरै-तूतीकोरिन दोहरीकरण (160 किलोमीटर)	1,891
16	मनियाची-नागरकोइल दोहरीकरण (102 किलोमीटर)	1,752
17	चेन्नै बीच - चेन्नै एग्मोर दोहरीकरण (4 किलोमीटर)	272

चालू परियोजनाएं:-

तमिलनाडु राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली कुछ परियोजनाएं शुरू की गई हैं, जो निम्नानुसार हैं:

क्र.सं.	परियोजना	लागत (करोड़ रु. में)
1	तिण्डिवनम-नगरि नई लाइन (184 कि.मी.)	3,631
2	मोरप्पूर-धर्मापुरी नई लाइन (36 कि.मी.)	359
3	त्रिवेंद्रम-कन्याकुमारी दोहरीकरण (87 कि.मी.)	4,494
4	इरुगूर-पोत्तनूर दोहरीकरण (11 कि.मी.)	277

5	ताम्बरम-चेंगलपट्टु चौथी लाइन (30 कि.मी.)	757
6	अत्तिपट्टु-गूम्मिडिपूण्डी तीसरी और चौथी लाइन (23 कि.मी.)	365
7	तिरुपति-काटपडी दोहरीकरण (105 कि.मी.)	1,216
8	तिण्डिवनम-तिरुवण्णामलै नई लाइन (71 कि.मी.)	1,400
9	अत्तिपट्टु-पुत्तूर नई लाइन (88 कि.मी.)	1,700
10	बैयप्पनहल्लि से होसुर दोहरीकरण (48 कि.मी.)	1,160
11	अरक्कोणम-चेंगलपट्टू दोहरीकरण (68 कि.मी.)	993
12	ईरोड-करुर दोहरीकरण (67 कि.मी.)	986

तमिलनाडु राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली महत्वपूर्ण अवसंरचना परियोजनाओं का निष्पादन भूमि अधिग्रहण में विलंब के कारण रुका हुआ है। तमिलनाडु में भूमि अधिग्रहण की स्थिति निम्नानुसार है:

तमिलनाडु में परियोजनाओं के लिए कुल अपेक्षित भूमि	4,612 हेक्टेयर
अधिगृहीत की गई भूमि	1,178 हेक्टेयर (26%)
अधिगृहीत किए जाने हेतु शेष भूमि	3,434 हेक्टेयर (74%)

भूमि अधिग्रहण में तेजी लाने के लिए तमिलनाडु सरकार के सहयोग की आवश्यकता है।

भूमि अधिग्रहण के कारण विलंबित हुई कुछ महत्वपूर्ण परियोजनाओं का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

क्र.सं	परियोजना का नाम	कुल अपेक्षित भूमि (हेक्टेयर में)	अधिगृहीत की गई भूमि (हेक्टेयर में)	अधिगृहित किए जाने हेतु शेष भूमि (हेक्टेयर में)
1.	तिंडीवनम-तिरुवण्णामलै नई लाइन (71 किलोमीटर)	276	33	243
2.	अतिपट्टू-पुत्तुर नई लाइन (88 किलोमीटर)	189	0	189
3.	मोरप्पुर-धर्मपुरी नई लाइन (36 किलोमीटर)	93	47	46
4.	मन्नारगुडी-पट्टुकोट्टई नई लाइन (41 किलोमीटर)	204	0	204
5.	तंजावूर-पट्टुकोट्टई नई लाइन (52 किलोमीटर)	152	0	152

इसके अलावा, रामेश्वरम-धनुष्कोडि नई लाइन (18 कि.मी.) को 734 करोड़ रुपए की लागत से स्वीकृत किया गया था। 01.03.2019 को परियोजना की आधारशिला रखी गई थी। बहरहाल,

परियोजना शुरू नहीं हो सकी क्योंकि तमिलनाडु राज्य सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण नहीं किया गया है।

भारत सरकार परियोजनाओं के निष्पादन के लिए तैयार है, बहरहाल, इनकी सफलता तमिलनाडु सरकार के सहयोग पर निर्भर करती है।

किसी भी रेल परियोजना की स्वीकृति कई मानदंडों/कारकों पर निर्भर करती है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- **अनुमानित यातायात पूर्वानुमान और प्रस्तावित मार्ग की लाभप्रदता**
- **परियोजना द्वारा प्रदान की गई पहली और अंतिम स्थान पहुंच संपर्कता**
- **अनुपलब्ध कड़ियों को जोड़ना और अतिरिक्त मार्ग प्रदान करना**
- **संकुलित/संतृप्त लाइनों का संवर्धन**
- **राज्य सरकारों/केंद्रीय मंत्रालयों/जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गईं मांगें**
- **रेलवे की अपनी परिचालनिक आवश्यकताएँ**
- **सामाजिक-आर्थिक महत्व**
- **निधियों की समग्र उपलब्धता**

रेल परियोजना/परियोजनाओं का पूरा होना कई कारकों पर निर्भर करता है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- **राज्य सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण**
- **वन संबंधी स्वीकृति**
- **अतिलंघनकारी जनोपयोगी सुविधाओं का स्थानांतरण**
- **विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियाँ**
- **क्षेत्र की भूवैज्ञानिक और स्थलाकृतिक परिस्थितियाँ**
- **परियोजना स्थल के क्षेत्र में कानून और व्यवस्था की स्थिति**
- **विशिष्ट परियोजना स्थल के लिए वर्ष में कार्य करने के महीनों की संख्या आदि।**

ये सभी कारक परियोजना/परियोजनाओं के पूरा होने के समय और लागत को प्रभावित करते हैं।

****